पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———

राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारम्भ

——

देश के प्रधानमंत्री के 73वें जन्मदिन पर आज राजभवन ने 73 क्षय रोगियों को गोद लिया

——

राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 निक्षय मित्रों, 10 जिला क्षय रोग अधिकारियों तथा 04 स्वैच्छिक अंगदान हेतु पंजीकरण कराने वालों को सम्मानित किया

——

राज्यपाल ने कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को अंगदान की शपथ दिलायी

——

गरीब परिवार के टी.बी. ग्रस्त मरीजों को पौष्टिक भोजन देकर रोग मुक्त करने में सहायक बनें

——

पोषण पोटली का मरीज के स्वास्थ लाभ हेतु सदुपयोग करें परिजन

——

स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता की आदत विकसित करें

——

अंगदान देकर जीवनदान दें, गांवों तक अंगदान की जानकारियों का प्रचार–प्रसार करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——

प्रदेश सरकार केन्द्र की आयुष्मान भव योजना को लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है

– राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थय मंयकेश्वर शरण सिंह

———

लखनऊ : 17 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन मे आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ हुआ। आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 73वें जन्मदिवस के अवसर पर राज्यपाल जी की प्रेरणा से कार्यक्रम में

राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 38 क्षय रोगी तथा प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों ने चार–चार क्षय रोगी गोद लेकर कुल 73 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित की। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में ऐसे 10 निक्षय मित्रों, जिन्होंने बहुत बड़ी संख्या में क्षय रोगियों को पोषण सहायता के लिए गोद लिया, दस बेहतरीन कार्य करने वाले जिला क्षय रोग अधिकारियों को तथा 04 स्वैच्छिक अंगदान हेतु पंजीकरण कराने वाले अधिकारियों को प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जीवन के बाद जीवन जैसे महान कार्य का हिस्सा बनने हेतु शरीर के दान किए जा सकने वाले अपने अंगों तथा ऊतकों आदि के दान हेतु शपथ दिलायी।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करने वाले गरीब परिवारों में यदि कोई सदस्य टी.बी. से ग्रस्त हो जाता है तो चिकित्सा के साथ समुचित पोषण ले पाना उनके लिए सम्भव नहीं हो पाता है। ऐसे परिवार के रोगियों को रोगमुक्त करने में सक्षम परिवार, संस्थाएं, बड़े संस्थान सहायक बने और क्षय रोगी के रोगमुक्त होने तक पोषण सामग्री देकर उनके स्वस्थ होने में मदद करें।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में मरीजों के परिजनों को विशेष रूप से हिदायत देते हुए कहा कि जो पोषण सामग्री क्षय रोग ग्रस्त बच्चे के लिए दी जा रही है। उसका सदुपयोग बच्चे को पोषण देने में करें। उन्होंने कहा कि रोग ग्रस्त बच्चे की पोषण सामग्री का अन्य परिजन न उपयोग करें। उन्होंने परिजनों से रोगग्रस्त बच्चे की विशेष देखभाल करने और स्नेहपूर्ण व्यवहार करने को कहा, जिससे बच्चा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कचरा निस्तारण के समुचित प्रबन्ध और स्वच्छता की आदत विकसित करने पर जोर दिया।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में अंगदान की विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंगदान से जीवन के बाद भी किसी जरूरतमंद को जीवनदान प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि अंगदान की जानकारियों का गांवों तक प्रचार–प्रसार करें, जिससे लोगों में अंगदान की आवश्यकता और महत्व के प्रति जागरूकता आए। उन्होंने समबोधन में तीव्र गति से आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थय श्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान भव योजना को लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज 17 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ ये पखवाड़ा 02 अक्टूबर, 2023 को समाप्त होगा। इस पखवाड़े में तीन घटकों पर कार्य होगा, जिसमें आयुष्मान आपको द्वार के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाना, आयुष्मान मेला आयोजित करना और लाभार्थियों को योजना पात्रता का लाभ देना और प्रत्येक गांव और पंचायत पर आयुष्मान सभाएं आयोजित कर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनओं की जानकारी देना, बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

कार्यक्रम में राजभवन चिकित्सा परिसर के प्रभारी डॉ0 अनिल निर्वाण ने अंगदान के महत्व को दर्शाती प्रसिद्ध कवि मैथिली शरण गुप्त की कविता 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य क लिए मरे' के साथ सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थय डॉ0 दीपा त्यागी, नौ विश्वविद्यालयों के कुलपति,

राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, क्षय रोगी एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी, सहायक निदेशक,
डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361